महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील बिदेसिया लोक नाट्य कार्यशाळेच्या उद्घाटनप्रसंगी बोलत होते. संयोजक डॉ. सतीश पावडे म्हणाले, महान लोक कलाकार भिकारी ठाकूर यांच्या कुटुंबातील सदस्यांनी लोककला शैलीविषयी मार्गदर्शन करणे ही ऐतिहासिक घटना होय. याआधी भारतीय चित्रपटसृष्टीचे जनक दादासाहेब फाळके यांच्या कुटुंबातील सदस्यांनीही वर्ध्यात बोलविण्यात आले होते. प्रशिक्षण घेतलेल्या विद्यार्थ्यांनी भिकारी ठाकूर यांचे गबरघिचोर हे नाटक विद्यापीठाच्या स्थापना दिनानिमित्त सादर केले. संचालन रोहित कुमार यांनी केले. आभार श्वेता क्षीरसागर हिने मानले. संचालन भिकारी ठाकूर रंगमंडलचे कलाकार प्रभुनाथ ठाकूर आणि विभागाचे माजी विद्यार्थी जैनेंद्र कुमार दोस्त यांनी केले.

वर्धा : कार्यशाळेत नाट्यकला सादर करताना कलावंत.

देशोन्नती
गुरुवार ०८ जानेवारी, २०१५

वर्धा : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात विभागाच्या वतीने विदेसिया लोकनाट्य कार्यक्रम आयोजित केला गेला.

प्रतिदिन अखबार
शनिवार, 3 जनवरी 2015

सावित्रीबाई फुले जयंती पर आज हिंदी विवि में कार्यक्रम

प्रतिनिधि, 2 जनवरी

वर्धा- महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में सावित्रीबाई फुले के जन्मदिवस के अवसर पर पर 3 जनवरी को सावित्रीबाई फुले छात्रावास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र करेंगे. इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डिपार्टमेन्ट ऑफ इंग्लिश, एसआरटीएम

यूनिवर्सिटी, नांदेड़ के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दिलीप चव्हाण तथा विशेष आमंत्रित आईजी रेन्ज पुलिस विभाग, अमरावती की विभागीय समन्वयक प्रतिभा गजभिये उपस्थित रहेंगी. इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शाम 05 बजे सावित्रीबाई फुले छात्रावास में किया गया है. कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील समस्त छात्रावास सदस्य ने की है.

प्रतिदिन अखबार

रविवार, 25 जनवरी 2015

हिंदी विवि में कल रन फॉर रिपब्लिक

प्रतिनिधि, 24 जनवरी

वर्धा - महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ध्वजारोहण करेंगे. प्रारंभ में कुलपति प्रो. मिश्र गांधी हिल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभिवादन करेंगे, प्रशासनिक भवन के सामने सुबह 8.15 बजे ध्वजारोहण करेंगे. ध्वजारोहण समारोह में सभी को उपस्थित होने का आह्वान कुलसचिव संजय गवई ने किया है. इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के तत्वावधान में दौड़ रन फॉर रिपब्लिक का आयोजन प्रातः 6 बजे मुख्य द्वार से किया जाएगा.

इस दौड़ में समस्त छात्र-छात्राएं, शोधार्थी, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को सहभागी होने की अपील अध्यक्ष डॉ. धरवेश कठेरिया एवं महासचिव डॉ. राकेश मिश्र ने की है.

प्रतिदिन अखबार

शनिवार, 24 जनवरी, 2015

हिंदी विश्व विद्यालय में वार्षिक खेल महोत्ससव

वर्धा - महात्मागांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव में क्रिकेट के रोमांचक मुकाबले में गांधी एकादश की टीम ने परिसर विकास एकादश को हराकर जीत हासिल की. विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद क्रीड़ा स्थल पर 18 जनवरी को क्रिकेट का अंतिम मैच गांधी एकादश और परिसर विकास एकादश के बीच खेला गया. इस मैच में गांधी एकादश ने 12 ओवरों में जीत दर्ज की. गांधी एकादश टीम का नेतृत्व पंकज पाटिल ने किया वहीं परिसर विकास एकादश का नेतृत्व राजीव पाठक ने किया. 16 ओवरों के मैच का प्रारंभ प्रतिकुलपति प्रो. चित्त रंजन मिश्र ने किया. परिसर विकास एकादश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 96 रन बनाए. जवाब में उतरी गांधी एकादश ने 12 ओवरों में ही लक्ष्य को हासिल कर अपनी जीत दर्ज की. कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा सचिन कुंभलवार को मैन ऑफ द मैच का तथा जावेद बेग को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया.

प्रतिदिन 21 अखबार

गुरुवार, 22 जनवरी 2015

समाज विज्ञान में शोध प्रविधि कार्यशाला का समापन

प्रतिनिधि, 21 जनवरी

वर्धा - शोध के माध्यम से नई सोच विकसित होनी चाहिए और परिवर्तन की नई दिशा मिलनी चाहिए. समाज विज्ञान में होने वाले शोध का लाभ समाज के कल्याण के लिए होने चाहिए. उक्त आशय के विचार कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने व्यक्त किए. महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के तत्वावधान में 10 जनवरी से 19 जनवरी तक समाज विज्ञान में शोध प्रविधि कार्यशाला का आयोजन किया गया. सोमवार को कार्यशाला के समापन पर सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति बोल रहे थे. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दत्ता मेघे आयुर्विज्ञान संस्थान के सलाहकार तथा एमसीआई की अकादमिक समिति के अध्यक्ष प्रो. वेद प्रकाश मिश्र उपस्थित थे. मुंबई विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान विभाग के प्रो. पी. जी. जोगदंड, प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र तथा महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी शांति अध्ययन केंद्र के निदेशक तथा पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. मनोज कुमार मंचासीन थे.

अमरावती : कार्यशाला में मंचासीन अतिथिगण और उपस्थित छात्र तथा अधिकारी-कर्मचारी.

दस दिवसीय कार्यशाला में 13 राज्यों के 20 विश्वविद्यालयों के शोधार्थी उपस्थित हुए थे. इसके अलावा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के पीएच.डी. शोधार्थियों ने इस कार्यशाला में सहभागिता की. समापन पर सभी प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रो. वेद प्रकाश मिश्र तथा प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए.

कुलपति प्रो. मिश्र ने कहा कि सामाजिक अनुसंधान एक जटिल समस्या होती है. हर मनुष्य की सोच अलग-अलग होती है और ऐसे में उसका अनुसंधान पर भी प्रभाव पड़ता है. हमें शोध को समग्रता में देखना चाहिए और उसे अधिक से अधिक कल्याणकारी बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए.

प्रो. वेद प्रकाश मिश्र ने विज्ञान और समाज विज्ञान में शोध के अंतर को स्पष्ट करते हुए दोनों की समानताएं और असमानताएं आदि को व्याख्यानित किया. उन्होंने कहा कि स्तरीय अनुसंधान के लिए उसे अपने कॅरिअर का एक हिस्सा बनाना चाहिए. हमें केवल कॅरिअर बनाने के लिए ही रिसर्च नहीं करना चाहिए. विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित प्रो. पी. जी. जोगदंड ने कहा कि समाज विज्ञान में किए जाने वाले अनुसंधान का उपयोग समाज के लिए हो और ऐसे अनुसंधान में यह एक अनिवार्य शर्त होनी चाहिए. ज्ञान एक शक्ति है और इस शक्ति का अनुसंधान के लिए अपडेट करना जरूरी है. प्रारंभ में स्वागत वक्तव्य प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने दिया. उन्होंने कहा कि ज्ञान एक अनवरत प्रक्रिया है. शोध प्रविधि जैसी कार्यशाला के माध्यम से विविक जागरण का काम किया जाता है.

कार्यशाला में चित्रलेखा अंशु समेत प्रतिनिधियों ने अपने मंतव्य दिए. सहायक प्रोफेसर डॉ. शंभू जोशी ने कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की. संचालन पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. मिथिलेश ने किया. समापन समारोह में प्रो. सुरेश शर्मा, प्रो. अनिल कुमार राय, प्रो. अरविंद कुमार झा, प्रो. विजय कौल, डॉ. रामानुज अस्थाना, बी. एस. मिरगे आदि सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

प्रतिदिन अखबार

प्राकृतिक भाषा संसाधन पर कार्यशाला

प्रतिनिधि, 19 जनवरी

वर्धा - महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के भाषा विद्यापीठ में भाषा प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्राकृतिक भाषा संसाधन विषय पर आयोजित कार्यशाला में शनिवार को हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर एवं सूचना विज्ञान विभाग के प्रोफेसर कवि नारायण मूर्ति ने अक्षर आधारित भाषा की पहचान जिसके अंतर्गत बाइट्स व ग्राम्स और टेक्स्ट वर्गीकरण की अवधारणा को परिभाषित किया . इसके अलावा प्राकृतिक भाषा प्रक्रिया को लेकर भारत की दृष्टि, टेक्स्ट की आवश्यकता, उसकी विशेषताएं, वर्तनी परीक्षक,

ज्ञान शांति मैत्री

टेक्स्ट से वाक् तथा भाषा प्रौद्योगिकी के लक्ष्य को प्रोफेसर मूर्ति ने बताया. प्रोफेसर मूर्ति ने सरलता पूर्वक प्रतिभागियों के मन में चल रही कई भ्रांतियों को दूर किया. कम्प्यूटर एवं सूचना विज्ञान विभाग, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोधार्थी राम अनिरुद्ध ने कॉर्पस में विश्लेषण पद्धति से प्रतिभागियों को अवगत कराया. भाषा प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. धनजी प्रसाद ने अपने द्वारा विकसित प्रमुख सॉफ्टवेयरों को कार्यशाला में प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया जिसमें वर्तनी परीक्षक, रूप विश्लेषक, खोजी उपकरण, देवनागरी से रोमन परिवर्तक, द्विभाषी शब्दकोश आदि प्रमुख सॉफ्टवेयर थे. सायंकालीन सत्र में प्रोफेसर मूर्ति ने प्रतिभागियों से बातचीत करते हुए वाक् से

प्रा. नारायण मूर्ती ने बताई परिभाषा

वाक् अनुवाद, कार्य के विभिन्न आयाम जैसे वाक्य संबंधी, अर्थ संबंधी, कार्यक्रम के स्तर पर तथा वर्तनी परीक्षक पर बात करते हुए ऑटो सिस्टम के विषय संबंधित उनकी सीमाओं और समस्याओं को बताया. भाषा विद्यापीठ के अधिष्ठता एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर हनुमानप्रासाद शुक्ल ने प्रोफेसर कवि नारायण मूर्ति को सूत की माला एवं स्मृति चिह्न (चरखा) देकर उनका आभार प्रकट किया .

प्रतिदिन अखबार
मंगलवार, 20 जनवरी 2015

महात्मा गांधी की बुनियादी शिक्षा की तर्ज पर बने पाठ्यक्रम

▸▸गणमान्यों ने व्यक्त किए विचार ▸▸हिंदी विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस

प्रतिनिधि, 19 जनवरी

वर्धा- महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के 17 वें स्थापना दिवस के मौके पर पिछले 17 वर्ष की उपलब्धियां और विश्वविद्यालय के विकास के लिए आने वाले वर्षों में प्रगति की दिशा सुनिश्चित करने हेतु मंथन, स्वप्न और यथार्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की. इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर मनोज कुमार, गोरखपुर विश्वविद्यालय में विज्ञान विभाग के प्रो. महेश्वर मिश्र, जय महाकाली शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष पं. शंकरप्रसाद अग्निहोत्री, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के प्रचारमंत्री डॉ. हेमचंद्र वैद्य, अभा.मराठी साहित्य महामंडल के सदस्य प्रदीप दाते, लायन्स क्लब के अनिल नरेडी, गांधी विचार परिषद के निदेशक भरत महोदय आदि वक्ताओं ने प्रमुखता से विश्वविद्यालय के बहुमुखी विकास की सराहना करते हुए आगे का मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए. प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र तथा वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. सरजू प्रसाद मिश्र विशेष रूप में उपस्थित रहे.

प्रास्ताविक मंथन के संयोजक, संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. अनिल कुमार राय ने किया तथा भूमिका जनसंपर्क अधिकारी बो. एस. मिरगे ने रखी.

प्रो. मनोज कुमार ने कहा, विश्वविद्यालय को उन्मुक्त लोकतांत्रिक विचार के प्रचार प्रसार का केंद्र बनना चाहिए. प्रो. रामानुज अस्थाना ने कहा कि अहिंसा एवं शांति अध्ययन विभाग तथा महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी अध्ययन केंद्र एक साथ होने चाहिए. प्रो. महेश्वर मिश्र ने ज्ञान के विस्तार के लिए हिंदी को सक्षम बताते हुए कहा कि कार्पोरेट स्थानीय भाषा बगैर अपने ओजार के नहीं बेच सकते. इसलिए हमें एक से अधिक भारतीय भाषाओं पर काम करना होगा. डॉ. हेमचंद्र वैद्य ने कहा कि विकल्प की तलाश करने की दिशा में इस विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है. भौतिक संसाधनों के साथ हमें अकादमिक विकास पर और ध्यान देना चाहिए. प्रदीप दाते ने कहा कि महात्मा गांधी की



बुनियादी शिक्षा की तर्ज पर पाठ्यक्रम बनाने चाहिए. शुरू के संघर्ष के दिनों में हम विश्वविद्यालय के साथ खड़े रहे है. भरत महोदय ने कहा कि हमें विश्वविद्यालय के आस-पास के माहौल को देखकर उस दिशा में कार्य करना चाहिए और ज्ञान प्राप्ति के लिए जहां से हमें वह मिल रहा है उसे प्राप्त करते रहना चाहिए. पं. शंकरप्रसाद अग्निहोत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना गांधी की कर्मस्थली वर्धा में हो इसके लिए हमने 25 वर्ष पूर्व काम किया. गांधीजी के कथन वर्धा भारत का नाभी केंद्र है के अनुसार विश्वविद्यालय वर्धा में स्थापित होना पूरे भारत के लिए गौरव की बात है. अध्यक्षीय संबोधन मे कहा कि कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा की विचारों के प्रजातंत्र की उपस्थिति ही विश्वविद्यालय की केंद्रीय भूमिका में है. मंथन में जो विचार सामने आए हैं उन पर अमल करने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे. कार्यक्रम में अनिल नरेडी, प्रो. विजय कोल, डॉ. रवींद्र बोरकर, डॉ. ऋषभ मिश्र, शोधार्थी अभिषेक त्रिपाठी, राजेंद्र यादव, नेहा नेमा आदि ने विश्वविद्यालय के विकास पर अपनी बातें रखी. कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने प्रस्तुत किया. इस अवसर पर वर्धा के गणमान्य नागरिक, विश्वविद्यालय के अध्यापक, अधिकारी, कर्मी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

डॉ. कौसल्यायन जयंती पर व्याख्यान

महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में सोमवार को डॉ. भदन्त आनन्द कौसल्यायन अध्ययन केन्द्र में डॉ. भदन्त आनन्द कौसल्यायन स्मृति व्याख्यान-2015 का आयोजन किया गया है. विश्वविद्यालय के बौद्ध अध्ययन केन्द्र की स्थापना हिंदी भाषा एवं बौद्ध दर्शन के प्रसिद्ध विद्वान डॉ. भदन्त आनन्द कौसल्यायन के नाम से की गई है. इस वर्ष उस कार्यक्रम को डॉ. भदन्त आनन्द कौसल्यायन स्मृति व्याख्यान के नाम से मनाया जा रहा है. उक्त व्याख्यान के लिए डॉ. भदन्त आनन्द कौसल्यायन के सहयोगी डॉ.एम.एल.कासारे व प्रसिद्ध कवि श्री भोला वाघमारे को आमंत्रित किया गया है. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र करेंगे.

स्वास्थ्य मेला,रक्तदान शिविर का आयोजन

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वास्थ्य मेला एवं रक्तदान शिविर का आयोजन महर्षि चरक परिसर में किया गया. इस आयोजन में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने सहभागिता कर स्वास्थ्य जांच करवाई और रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. सर्वश्री डॉ. रवींद्र बोरकर, डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, चिराग निनावे, योगेश भस्मे, अमोल आडे, विवेकानंद राय, अश्विन श्रीवास, विजयकरन, स्नेहल तड़स, शैलेंद्र प्रजापति, कृष्ण कुमार यादव आदि का समावेश है. स्वास्थ्य मेले का विधिवत उद्घाटन कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र, जिला पुलिस उपअधीक्षक आर.जी. किल्लेकर, प्रो. देवराज, रासेयो के संयोजक डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, सहसंयोजक बी.एस. मिरगे, डॉ. सुप्रिया पाठक, लायन्स क्लब के अनिल नरेडी, अख्तर कुरेशी की मुख्य उपस्थिति में संपन्न हुआ. मेले में डॉ. दीपक गुप्ता, सुरेंद्र बेलुरकर, सहायक सुश्री तृप्ति थूल, डॉ. देवश्री धांडे, किशोर बालपांडे, प्रवीण गावंडे, संघरक्षित मून, कांचन उके आदि ने चिकित्सा परीक्षण कर रक्तदान शिविर को सफल बनाया.

प्रतिदिन अखबार
रविवार, 18 जनवरी 2015

हिंदी विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव

प्रतिनिधि, 17 जनवरी

वर्धा - महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव में क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबाल तथा शतरंज आदि खेलों के मैच हो रहे हैं. 9 जनवरी से प्रारंभ हुए इस महोत्सव में क्रिकेट का अंतिम मैच 18 जनवरी को होगा. क्रिकेट के प्रतिदिन 4 मैच होते हैं और हर मैच 16 ओवर का खेला जा रहा है. प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच की घोषणा की जाती है. क्रिकेट के मैच मेजर ध्यानचंद क्रीड़ा संकुल में सुबह 10.30 बजे से शुरू होते हैं. वहीं बैडमिंटन विश्वविद्यालय के हबीब तनवीर सभागार में एवं वॉलीबाल के मैच प्रथम भवन के प्रांगण में खेले जा रहे हैं. बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रायोजित इस खेल महोत्सव में दर्शकों की रुचि बढ़ाने के लिए हर दिन लकी ड्रॉ भी निकाला जाता है जिसमें एक लकी विजेता को टी-शर्ट दिया जाता है. इस महोत्सव में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं और कर्मी बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी कर रहे हैं. महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील खेल महोत्सव समिति की ओर से की गई है.

आज होगा क्रिकेट का अंतिम मैच

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के डायस्पोरा अध्ययन विभाग के अध्यापकों एवं छात्र छात्राओं ने अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित प्रवासी दिवस सम्मेलन के तीन दिवसीय कार्यक्रम में शिरकत की. इस दौरान छात्रों ने विभिन्न देशों से आए प्रवासी भारतीयों के साथ बातचीत की. कार्यक्रम के दौरान विदेशमंत्री सुषमा स्वराज, विदेश मंत्रालय और प्रवासी भारतीय मंत्रालय के राज्यमंत्री वी.के. सिंह ने विश्वविद्यालय की ओर से सम्मेलन स्थल पर लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी को भेंट दी.

महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका सत्याग्रह की सफलता के बाद भारत लौटे थे. इस उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है. इस वर्ष 13 वें प्रवासी दिवस सम्मेलन के में विश्वविद्यालय के डायस्पोरा अध्ययन विभाग के छात्रों ने भाग लिया. कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र पर आयोजित गोष्ठी में एमफिल की छात्रा सविता कोल्हे और पीएचडी की छात्रा प्रज्ञा राऊल ने हिस्सा लिया. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने मेक इन महाराष्ट्र की बात कहकर इसके विकास के लिए एनआरआई से महाराष्ट्र में निवेश करने की अपील की. छात्राओं ने इस दौरान मराठी, पंजाबी, गुजराती, एवं अन्य प्रवासी भारतीयों से बातचीत की. सम्मेलन के अंतिम दिन गोपियो (ग्लोबल आर्गनाइजेशन पीपुल ऑफ इंडियन ओवरसीज) के कार्यक्रम में भी छात्र शामिल हुए तथा हिंदी भाषा के महत्व को लेकर विदेश में हिंदी पढ़ा रहे अध्यापकों से भी बातचीत की. इस अवसर पर गोपियो के अध्यक्ष इंद्र सिंह, गुजरात विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. एम.एन.पटेल, डॉ. नीरजा अरुण गुप्ता के द्वारा डायस्पोरा पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण किया. सम्मेलन में डायस्पोरा विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन राय, सहायक प्रोफेसर डॉ. मुन्नालाल गुप्ता, सहायक प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार सिंह और परीक्षा प्रभारी कौशा किशोर त्रिपाठी, डायस्पोरा तथा संचार एवं मीडिया अध्ययन विभाग के छात्र शामिल हुए.

प्रतिदिन 24 अखबार
शुक्रवार, 16 जनवरी 2015

प्राकृतिक भाषा संसाधन कार्यशाला प्रारंभ

मनुष्य की बौद्धिकता और प्रौद्योगिकी में तालमेल आवश्यक-प्रो. मूर्ति

प्रतिनिधि, 15 जनवरी

वर्धा - भाषा को जानने, समझने और उसका प्रौद्योगिकी के माध्यम से विस्तार एवं विकास करने हेतु मनुष्य की बौद्धिकता और आधुनिकतम प्रौद्योगिकी में तालमेल आवश्यक है. भारत सरकार के डिजिटल भारत के स्वप्न को साकार करने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी आधारित कार्यसंस्कृति को अधिक से अधिक बढ़ावा देना चाहिए और इसके केंद्र में सभी भारतीय भाषाओं को रखना चाहिए. उक्त बातें हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तथा सुविख्यात भाषाविज्ञानी प्रो. कवि नारायण मूर्ति ने कही. वे महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के भाषा प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित प्राकृतिक भाषा संसाधन कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर बतौर मुख्य प्रशिक्षक बोल रहे थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने की.

यह कार्यशाला 15 से 19 जनवरी तक आयोजित है. कार्यशाला में 70 से अधिक प्रतिभागी सहभागिता कर रहे हैं. प्रो. मूर्ति ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए हमें भाषाओं को बहुसंख्य लोगों तक पहुंचाना चाहिए. इस चुनौती को अमली जामा पहनाने हेतु कंप्यूटर साक्षरता एक अनिवार्य शर्त है. उन्होंने कहा कि भारत में करीब 1600 भाषाएं अस्तित्व में हैं, हमारा भविष्य बोली आधारित होगा और इन भाषाओं के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए हमें प्रौद्योगिकी का प्रयोग करना आवश्यक है. अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने कहा अन्य भाषाओं के साथ हिंदी का भविष्य भी प्रौद्योगिकी के साथ जुड़ा हुआ है. आज हमें बटन पर आधारित नई साक्षरता की जरूरत है. इससे भारत सरकार के डिजिटल भारत, ई-गवर्नेंस आदि महत्वाकांक्षी योजनाओं को साकार करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी. विश्वविद्यालय सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने में तत्पर है. कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य भाषा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ल ने दिया. उन्होंने कहा कि हिंदी के साथ-साथ अन्य भारतीय भाषाओं को प्रौद्योगिकी से जोड़ने का काम भाषा प्रौद्योगिकी विभाग कर रहा है और इन भाषाओं के लिए भी निरंतर रूप से कार्यशालाएं आयोजित करने की विभागीय योजना है. उद्घाटन सत्र में हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोधार्थी राम अनिरुद्ध, शिवेंद्र बाबू, विभाग के अध्यापक, डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय, जगदीप दांगी, डॉ. एच.ए. हुनगुंद, डॉ. अनिल कुमार दुबे, संयोजक डॉ. धनजी प्रसाद आदि के साथ प्रतिभागी एवं शोधार्थी उपस्थित थे. सत्र का संचालन आराधना सक्सेना ने किया.

वर्धा : हिंदी विश्वविद्यालय में व्याख्यान देते प्रो. मूर्ति.

प्रतिदिन अखबार
बुधवार, 14 जनवरी 2015

थर्ड जेंडर के प्रति सामाजिक भेदभाव खत्म हो- रवीना बरिहा

सामाजिक न्याय और थर्ड जेंडर पर गोष्ठी आयोजित

प्रतिनिधि, 13 जनवरी

वर्धा- महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में संचालित महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी शांति अध्ययन केंद्र के अंतर्गत शोधवार्ता की पहली कड़ी में समाजिक न्याय और थर्ड जेंडर विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया. गोष्ठी में प्रमुख वक्ता के रूप में थर्ड जेंडर वेलफेयर बोर्ड छत्तीसगढ़ की सदस्य एवं छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति की सचिव रवीना बरिहा, रायपुर और थर्ड जेंडर वेलफेयर बोर्ड, छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति रायपुर की अध्यक्ष विद्या राजपूत उपस्थित थी. कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुवाद प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. देवराज ने की.इस कार्यक्रम में रवीना बरिहा ने कहा कि हम ज्ञान के सीमित दायरे में रहते हैं. आज समाज सिर्फ स्त्री और पुरुष के रूप में बंटा है. यहाँ थर्ड जेंडर के अस्तित्व को नहीं माना जाता. आने वाले समय में थर्ड जेंडर समाज के लोग सभी दायरों को तोड़ सकते हैं. इतिहास की साक्ष्य देते हुए उन्होंने कहा कि हमारा अस्तित्व तो प्राचीन समय से ही रहा है लेकिन आज भी हमारे

लिए इस समाज में कोई जगह नहीं है. वात्सायन के कामसूत्र में ग्यारहवाँ अध्याय तृतीय पंथी पर ही लिखा गया है बावजूद इसके जिस उम्र में हमारे लिए घर का दरवाजा खुलना चाहिए उस समय में दरवाजा तो खुलता है लेकिन बाहर के लिए ऐसा क्यों? जिस उम्र में हमें अपनों का प्यार मिलना चाहिए, उस उम्र में हमें दुत्कार और सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है. विद्या राजपूत का कहना था कि आखिर हम समाज को क्यों नहीं दिखाई देते? बचपन से हमारे मन में घाव बनते हैं. हमें इस समाज में शारीरिक, मानसिक पीड़ा से गुजरना पड़ता है. हमारी किसी भी आवश्यकता की पूर्ति इस समाज द्वारा नहीं की जाती है. आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण ही भिक्षावृत्ति एवं वैश्यावृत्ति के सिवाय हमारे सामने कोई विकल्प नहीं होते. 2009 में इन्होंने छत्तीसगढ़ में तृतीय पंथियों के कल्याण के लिए मितवा संकल्प समिति स्थापित की. यह संस्था विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से तृतीय पंथियों की समस्याओं की वकालत कर रही है. उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण हमें ट्रेनों में या घर-घर जाकर नाच-गाना करना पड़ता है.अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रो. देवराज ने कहा कि इनके वक्तव्यों को सुनकर संवेदना नहीं बल्कि मस्तिष्क में आक्रोश और नए विचार उत्पन्न होने चाहिए. प्राचीन काल से हम उन्हें स्वीकार करने में असफल रहे हैं. समाज का कोई भी वर्ग छोटा हो या बड़ा जब तक हम उसे स्वीकार नहीं करते तब तक हम विकास नहीं कर सकते. कार्यक्रम में आभार वक्तव्य महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी शांति अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने दिया. सूत्र संचालन डॉ. शिवसिंह बघेल ने किया. विषय प्रवेश एवं परिचय डिसेंट कुमार साहू ने किया. कार्यक्रम में समाज कार्य तथा अन्य विभागों के शिक्षक शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. कार्यक्रम के आयोजन में नरेंद्र दिवाकर, गजानन, शिवाजी एवं नरेश गौतम शामिल थे.

प्रतिदिन अखबार
मंगलवार, 13 जनवरी 2015

पुस्तक और मैं के अंतर्गत काव्य पाठ

प्रतिनिधि, 12 जनवरी

वर्धा - महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय 12 जनवरी कों अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ में पुस्तक और मैं कार्यक्रम के अंतर्गत सिंगापुर से आए युवा कवि प्रदीप ने अपनी कविता पुस्तक से चुनिंदा कविताओं का पाठ किया. उन्होंने समकालीन पंजाबी लेखन पर बातचीत करते हुए साहित्यिक राजनीति पर अपने विचार रखे.

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. देवराज ने की मंच संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. रामप्रकाश यादव ने किया स्वागत डॉ. अन्नपूर्णा चर्ल द्वारा किया गया. धन्यवाद ज्ञांपन गोपाल राम ने किया. कार्यक्रम का संयोजन डॉ. हरप्रीत कौर के द्वारा किया गया. उन्होंने कवि प्रदीप का परिचय देते हुए उपस्थितों को बताया कि वे कवि के साथ-साथ अच्छे पेन्टर एवं संगीतकार भी हैं, उनकी कविता पंजाबी में नए तेवर की कविता है. इस अवसर पर विभाग के शोधार्थी एवं पूर्व शोधार्थी राजेश मुन उपस्थित थे.

दैनिक भास्कर
बुधवार. 14 जनवरी 2015

बेहतरीन कविताओं ने मन मोहा

ब्यूरो | वर्धा.

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 12 जनवरी को अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ में पुस्तक और मैं कार्यक्रम के अंतर्गत सिंगापुर से आए युवा कवि प्रदीप ने अपनी कविता पुस्तक खड़ाक में से चुनिंदा कविताओं का पाठ किया।

उन्होंने समकालीन पंजाबी लेखन पर बातचीत करते हुए बारिस शाह की हीर व साहित्यिक राजनीति पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. देवराज ने की। संचालन सहायक प्रोफेसर डा. रामप्रकाश यादव ने किया। स्वागत डा. अन्नपूर्णा चर्ल द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन गोपाल राम ने किया।

कार्यक्रम का संयोजन डा. हरप्रित कौर ने किया उन्होंने कवि प्रदीप का परिचय देते हुए बताया कि वे कवि के साथ-साथ अच्छे पेंटर एवं संगीतकार भी हैं, उनकी कविता पंजाबी में नए तेवर की कविता है। इस अवसर पर विभाग के शोधार्थी एवं पूर्व शोधार्थी राजेश मून उपस्थित थे।

प्रतिदिन अखबार

, रविवार, 11 जनवरी 2015

खेल भावना को प्रेरित करें - प्रो.

वर्धा : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र. मंच पर उपस्

प्रतिनिधि, 10 जनवरी

वर्धा - महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव के उद्घाटन पर कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि खेल की भावना से खेल कर उसे प्रेरित करें. विद्यार्थी और विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों में खेल के प्रति आकर्षण पैदा करने के लिए ऐसे महोत्सवों को आयोजन जरूरी है. विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद क्रीड़ा संकुल में शुक्रवार से वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें क्रिकेट, बैडमिंटन आदि खेल आयोजित होंगे. प्रतिकुलपति प्रो.

हिंदी विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव प्रारंभ

चित्तरंजन मिश्र ने कहा कि खेल के माध्यम से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव विकसित हो.

महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन क्रिकेट प्रतियोगिता से हुआ जिसमें कुलपति ने बल्ला थामकर एवं प्रतिकुलपति ने बॉलिंग कर किया. उद्घाटन कार्यक्रम में खेल समिति के अध्यक्ष प्रो. विजय कौल, प्रो.देवराज, प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, प्रो.अरविंद कुमार झा, प्रो.के.के. सिंह, प्रो.जगदीश दाँगी, डॉ.अनवर अहमद सिद्दीकी, डॉ. राम कठे गोप घोष बी. प्रति कम उपि

प्रतिदिन अखबार

रविवार, 11 जनवरी 2015

हिंदी विवि में बापू और आज का समय पर संगोष्ठी

गांधी जी के विचार कर्म में लाएं

कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की सलाह

प्रतिनिधि, 10 जनवरी

वर्धा - गांधी जी कर्म से मनुष्य को जोड़ते थे. उनकी शब्दावली में मनुष्य की बात है. आज के समय में गांधी विचार का आकलन करते हुए हमें उनके विचार कर्म में परिवर्तित करने की जरूरत है. उक्त बातें कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र ने कही. महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने के सौ साल पूरे होने पर विश्वविद्यालय में बापू और आज का समय विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुलपति ने अपनी बातें रखी. 9 जनवरी को हबीब तनवीर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र, वरिष्ठ प्रोफेसर मनोज कुमार, डॉ. नृपेंद्र प्रसाद मोदी मंचासीन थे. कुलपति प्रो. मिश्र ने कहा कि गांधी विचार के प्रचार-प्रसार को अधिक गति देने के लिए विश्वविद्यालय में गांधी विचार मंच का गठन होना चाहिए. विद्यार्थियों में गांधी जी के जीवन मूल्यों को रोपित करने की दिशा में हमें अपने पाठ्यक्रमों में भी गांधी विचार को स्थान देना चाहिए ताकि गांधी के जीवन दर्शन से छात्र परिचित हो सकें और उनके विचार आचरण में ला सकें. उन्होनें कहा कि गांधी जी के समय में जो सवाल थे वे आज भी हैं, उन सवालों से टकराते समय हमें आत्मसाक्षात्कार कर उसे हल करना चाहिए. गांधी और हिंदी के रिश्ते का जिक्र करते हुए कुलपति ने कहा कि गांधी जी ने हिंदी को संपर्क भाषा में इस्तेमाल किया था. हमें चाहिए कि विभिन्न मंचों के माध्यम से हिंदी में संपर्क को व्यापक करें. प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने गांधी जी समग्र जीवन दृष्टि और उनके आचार-विचार और व्यवहार पर अपनी बात रखी. प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि आज गांधी पहले से अधिक प्रासंगिक होते जा रहे हैं क्यों कि हिंसा, पर्यावरण प्रदूषण आदि समस्याओं का हल गांधी विचार में ही निहित है. डॉ. नृपेंद्र प्रसाद मोदी दक्षिण अफ्रीका के संस्मरण सुनाते हुए अपना वक्तव्य दिया. उन्होंने कहा कि गांधी जी मोहनदास बनकर दक्षिण अफ्रीका गए थे और वहां से महात्मा बनकर लौटे. अहिंसा एवं शांति अध्ययन विभाग के डॉ. मनोज कुमार राय कहा कि जीवन के हर पहलुओं में गांधी की उपस्थिति है. शिक्षक संघ के अध्यक्ष तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. धरवेश कठेरिया ने कहा कि गांधी जी ने जो कहा था उसे अमल में लाने की आवश्यकता है. शिक्षा विभाग के अध्यक्ष तथा कार्यक्रम संयोजक प्रो. अरविंद कुमार झा ने गांधी की शिक्षा को आज की शिक्षा से जोड़ते हुए अपनी बात रखी. सहायक प्रोफेसर शंभू जोशी ने भी अपने विचार रखे. प्रारंभ में विद्यार्थियों ने वैष्णव जन तो ... भजन प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का संचालन नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो.सुरेश शर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र के कार्यकारी निदेशक डॉ. सुरजीत कुमार सिंह ने किया. इस अवसर पर गांधी जी पर आधारित विठ्ठल भाई झवेरी की फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया. कार्यक्रम में अध्यापक, अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे. कार्यक्रम सफल बनाने में सुश्री निधि गौड़, धर्मेंद्र शंभरकर ने सहयोग किया.

प्रतिदिन अखबार
रविवार,11 जनवरी 2015

महात्मा गांधी व तुकड़ोजी महाराज व्याख्यानमाला

प्रतिनिधि, 10 जनवरी

अमरावती- संत गाडगेबाबा अमरावती विद्यापीठ व केशव सीतारामपंत दाते बुलढाणा की ओर से प्राप्त निधि से मंगलवार 13 जनवरी को महात्मा गांधी व्याख्यानमाला का आयोजन शिवाजी विज्ञान व कला महाविद्यालय, चिखली में आयोजित किया है.

सुबह 11.30बजे आयोजित व्याख्यानमाला का विषय '21 वीं शताब्दि में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता' है. जिसमें महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठ वर्धा के अहिंसा शांति एवं अध्ययन विभाग के वक्ता डॉ. नृपेन्द्र प्रसाद मोदी अभ्यासपूर्ण व्याख्यान देंगे. कार्यक्रम के अध्यक्ष स्थान पर विद्यापीठ के कुलगुरु डॉ. मोहन खेड़कर व प्रमुख उपस्थिति में प्र. कुलगुरु डॉ. जयकिरण तिड़के, शिवाजी शिक्षण संस्था के उपाध्यक्ष महादेव भूईमार उपस्थित रहेंगे.





व्याख्यानमाला में बड़ी संख्या में उपस्थित रहने का आह्वान शिवाजी विज्ञान व कला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन.बी. भुसारी, विद्यापीठ हिंदी विभाग प्रमुख प्रा. डॉ. शंकर बुंदेले व कुलसचिव प्रा. दिनेशकुमार जोशी ने किया है.

साथ ही संगाबा अमरावती विद्यापीठ की ओर से व राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज शिक्षण संस्था गुरुकुंज आश्रम की ओर से प्राप्त निधि से राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज व्याख्यानमाला का आयोजन बुधवार 14 जनवरी को कन्हैय्यालाल रामचंद्र इन्नानी महाविद्यालय कारंजा लाड में किया गया है. जिसमें पूर्वमंत्री व प्रसिद्ध वक्ता सुरेन्द्र भुयार 'राष्ट्रसंत के शैक्षणिक विचार' विषय पर विचार व्यक्त करेंगे.

उक्त कार्यक्रम के अध्यक्ष स्थान पर कुलगुरु डॉ. मोहन खेड़कर व प्रमुख अतिथि के रुप में प्र. कुलगुरु डॉ. जयकिरण तिडके व विद्याभारती शैक्षणिक मंडल के अध्यक्ष रावसाहब शेखावत उपस्थित रहेंगे. व्याख्यानमाला का लाभ लेने का आह्वान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.पी. पाटिल, प्रा. डॉ. शंकर बुंदेले व कुलसचिव प्रा. जोशी ने किया है.

प्रतिदिन अखबार
गुरुवार, 8 जनवरी 2015

नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग में बिदेसिया लोकनाट्य कार्यशाला

समाज को समझने और सीखने की जरूरत-प्रो. शर्मा

प्रतिनिधि, 7 जनवरी

वर्धा - आज के समय में लोकसमाज को समझने और उनसे सीखने की अत्यंत आवश्यकता है. भारत में लोकनाट्य की परंपरा काफी पुरानी है. उन नाटकों के माध्यम से हम आज लोकनाटकों को और बेहतर बना सकते हैं. उक्त बातें नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग के अध्यख प्रो. सुरेश शर्मा ने रखी. वे महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग में बिदेसिया लोक नाट्य कार्यशाला के उद्घाटन पर बोल रहे थे.

वर्धा : हिंदी विश्व विद्यालय के नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग में लोकनाट्य का मंचन.

कार्यशाला का संचालन भिखारी ठाकुर रंगमंडल के कलाकार प्रभुनाथ ठाकुर एवं जैनेन्द्र कुमार दोस्त ने किया. प्रभुनाथ ठाकुर जहां महान लोककलाकार भिखारी ठाकुर के परिवार के सदस्य (भतीजे) हैं वहीं जैनेन्द्र कुमार दोस्त नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग के पूर्व छात्र हैं जो अभी जेएनयू, दिल्ली में बिदेसिया लोक नाट्य शैली पर पीएचडी कर रहे हैं. इस मौके पर नाट्यकला एवं फिल्म विभाग के प्राध्यापक डॉ. सतीश पावड़े तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थी उपस्थित थे.

प्रो. सुरेश शर्मा ने कार्यशाला के दोनों संचालकों का स्वागत करते हुए भिखारी ठाकुर के जीवन और उत्तरभारत में भिखारी ठाकुर की लोकप्रियता पर प्रकाश डाला. जैनेन्द्र कुमार दोस्त ने विभाग और विश्वविद्यालय को इस कदम के लिए शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि लोकनाट्यों के माध्यम से हम कई सारे पारंपरिक और आधुनिक बहसविमर्शों को समझ सकते हैं. अकादमिक जगत में खास कर के परफॉर्मेंस के अध्ययन में इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है. प्रभुनाथ ठाकुर ने कहा कि पारंपरिक लोककलाकारों को अकादमिक जगत में सीखने-सिखाने के लिए मौका देना बहुत ही सराहनीय कदम है, इससे होनहार और कलाप्रेमी छात्रों की पहचान की जा सकती है.

कार्यशाला के संयोजक डॉ. सतीश पावड़े ने कहा कि भिखारी ठाकुर जैसे महान लोक कलाकार, चिंतक के परिवार के किसी सदस्य का हमारे विश्वविद्यालय में आना और हमें अपने लोक कला शैली के बारे में बताना एक ऐतिहासिक क्षण है. उन्होंने कहा कि इसके पहले भारतीय सिनेमा के जनक दादासाहब फाल्के के परिवार के सदस्यों को भी बुलाया गया था. कार्यशाला से प्रशिक्षित छात्रों ने भिखारी ठाकुर के नाटक गबरघिचोर की प्रस्तुति 29 दिसंबर को विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में की. उद्घाटन सत्र का संचालन विभाग के एमफिल के छात्र रोहित कुमार ने किया तथा एवं धन्यवाद ज्ञापन श्वेता क्षीरसागर ने किया.

प्रतिदिन अखबार
सोमवार, 5 जनवरी 2015

हिंदी विवि में महाराष्ट्र के लोकरंग

प्रतिनिधि, 4 जनवरी

वर्धा -महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर गीत एवं नाटक विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महाराष्ट्र का लोकरंग कार्यक्रम के माध्यम से महाराष्ट्र की विभिन्न लोक कलाओं की प्रस्तुति की गई. कलाकारों ने गण, गवलन, मावशी, भारुड़, गोंधल, अभंग, वासुदेव आदि लोक कलाओं की प्रस्तुति से उपस्थितों का मन मोह लिया.उपनिदेशक ध्रुव अवस्थी तथा प्रबंधक किरण कुमार भुजबल के मार्गदर्शन में संध्या लोंढे व पंकज दाभाड़े सहित 20 से अधिक कलाकारों ने महाराष्ट्र की लोक परंपराओं को उपस्थितों के सामने रखा. कलाकारों ने खंडेरायाच्या लग्नाला, वृक्ष वल्ली आम्हा सोयरी, वाजले की बारा आदि गीत एवं लावणी प्रस्तुत की. स्वच्छ भारत, घरकुल योजना, प्रौढ़ शिक्षा, शराबबंदी तथा नशामुक्ति का संदेश दिया और मिमिक्री आदि के माध्यम से श्रोताओं को लोट-पोट कर दिया. इन कलाकारों में परभणी, नांदेड़, सातारा, मिरज आदि स्थानों से आए कलाकार शामिल थे. समाज को मुख्य प्रवाह में लाने की दिशा में वे लोक कलाओं के माध्यम से कार्य करते हैं. आचार्य रामचंद्र शुक्ल सभामंडप में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र तथा प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने कलाकारों को प्रमाण पत्र प्रदान किए. समारोह का संचालन प्रो. सुरेश शर्मा ने किया. कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. सतीश पावड़े एवं बी.एस. मिरगे ने महती भूमिका निभाई. समारोह में वर्धा के गणमान्य नागरिक,अध्यापक, अधिकारी, कर्मी तथा विद्यार्थी उपस्थित थे.

ज्ञान शांति मैत्री

प्रतिदिन अखबार
शनिवार, 3 जनवरी 2015

हिंदी विश्वविद्यालय में सरोजिनी नायडू वादविवाद प्रतियोगिता

प्रतिनिधि, 2 जनवरी

वर्धा- महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के 17 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में डिबेटिंग सोसायटी द्वारा वादविवाद प्रतियोगिता का आयोजन आचार्य रामचंद्र शुक्ल सभामंडम में मंगलवार को किया गया. प्रतियोगिता का विषय था 'कश्मीर एवं उत्तर पूर्व से आफ्स्पा हटाना' वहां के लोगों के हित में है. प्रतियोगिता में छात्रों ने पक्ष और विपक्ष में अपनी बात रखी. कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की. प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र तथा डिबेटिंग सोसायटी की संयोजक अवंतिका शुक्ला मंचासीन थे. जिला पुलिस उपाधीक्षक (गृह) आर. जी. किल्लेकर, प्रोद्योगिकी अध्ययन केंद्र के निदेशक विजय कौल, स्त्री अध्ययन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सुप्रिया पाठक, सहायक कुलसचिव ज्योतिष पार्येग परीक्षक के रूप में उपस्थित रहे. इस वर्ष की सरोजिनी नायडू ट्रॉफी गोविंदराम सेकसरिया कॉलेज ऑफ कॉमर्स वर्धा के श्यामसुंदर सेवाग और स्वप्निल पेठे ने जीती. प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र का छात्र रजनीश कुमार त्रिपाठी को, द्वितीय पुरस्कार संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र के छात्र अविनाश त्रिपाठी को, तृतीय पुरस्कार स्त्री अध्ययन विभाग के पीएच.डी. शोधार्थी आरती कुमारी को तथा सांत्वना पुरस्कार संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र का छात्र दक्षम द्विवेदी को प्रदान किया गया. प्रतियोगिता में मुकेश कुमार जायसवाल कृष्ण मोहन रजनीश कुमार त्रिपाठी, प्रितेश पाण्डेय, दिनेश पटेल, शिल्पा भगत, अभिषेक त्रिपाठी, अंजली राजपूत, शामसुंदर सेवाग, स्वप्निल पेठे, रक्षा महाजन, नेहा दुबे, विजय कुमार पक्ष, ऋषित दीवान अभिलाषा सिंह, नीरज कुमार सिंह, अविनाश त्रिपाठी, आरती कुमारी, दक्षम द्विवेदी ने पक्ष और विपक्ष में अपनी बातें रखीं.

वर्धा के गोविंदराम सेकसरिया कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने जीती ट्रॉफी

नवभारत
3 जनवरी, 2015

हिंदी विवि में 'महाराष्ट्र का लोकरंग' की प्रस्तुति

कलाकारों को प्रमाणपत्र वितरित

वर्धा (का). महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के 17वें स्थापना दिवस पर गीत एवं नाटक विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार पश्चिम क्षेत्र पुणे द्वारा 'महाराष्ट्र का लोकरंग' कार्यक्रम के माध्यम से महाराष्ट्र की विभिन्न लोक कलाओं की प्रस्तुति की गयी. कलाकारों ने गण, गवलन, मावशी, भारूड, गोंधल, अभंग, वासुदेव आदि लोक कलाओं की प्रस्तुति से उपस्थितों का मन मोह लिया. गीत एवं नाटक विभाग के उपनिदेशक ध्रुव अवस्थी तथा प्रबंधक किरणकुमार भुजबल के दिशानिर्देशन में पथक प्रमुख संध्या लोंढे व पंकज दाभाडे सहित 20 से अधिक कलाकारों ने महाराष्ट्र की लोक परंपराओं को अपनी प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थितों के सामने रखा. कलाकारों में परभणी, नांदेड़, सातारा, मिरज आदि स्थानों से आए कलाकार शामिल थे.

विश्वविद्यालय के आचार्य रामचंद्र शुक्ल सभामंडप में आयोजित लोकरंग कार्यक्रम में कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र तथा प्रतिकुलपति प्रो.चित्तरंजन मिश्र ने कलाकारों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किये. संचालन नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो.सुरेश शर्मा ने किया. कार्यक्रम के आयोजन में डा. सतीश पावडे एवं बी.एस. मिरगे ने महती भूमिका निभाई.

फूड फेस्टिवल का लोगों ने उठाया लुत्फ

'फूड फेस्टिवल' का उद्घाटन कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र ने समता भवन के प्रांगण में किया. प्रो.अरुणेश नीरन ने 'सामासिक संस्कृति और भारतीय व्यंजन' विषय पर व्याख्यान दिया. फूड फेस्टिवल में देशभर के विभिन्न प्रांतों के लजीज व्यंजनों के स्वाद लोगों ने लिया. फेस्टिवल में खास आकर्षण रहा

देशोन्नती
शनिवार दि.३ जानेवारी २०१५

थोडक्यात

वर्धा : स्थानिक हिंदी विश्वविद्यालयामध्ये सांस्कृतिक कार्यक्रम सुरू आहेत. या दरम्यान महाराष्ट्राचा लोकरंग कार्यक्रम सादर करताना कलाकार.

नवभारत

8 जनवरी, 2015

निरंतर चलने वाले यात्री थे डा. कौसल्यायन

मिश्र ने कहा

वर्धा (का). डा. भदंत आनंद कौसल्यायन निरंतर चलने वाले यात्री थे. दस वर्ष तक वर्धा में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने हिंदी की सेवा की. वे यायावर ऋषि थे. यह बात प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने कही. वे महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में डा. भदंत आनंद कौसल्यायन स्मृति व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. एल. कारुण्यकरा ने की. विश्वविद्यालय के डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन केंद्र में स्मृति व्याख्यानङ्क2015 का आयोजन किया गया था. व्याख्यान में डा. कौसल्यायन के सहयोगी तथा केंद्र के संस्थापक निदेशक डॉ.एम.एल.कासारे व कवि भोला वाघमारे उपस्थित थे.

इस अवसर पर केंद्र की सहायक प्रोफेसर शुभांगी शंभरकर को पाली एवं बौद्ध अध्ययन विषय में जेआरएफ उत्तीर्ण करने पर तथा लॉर्ड बुद्धा टीवी के ब्युरो प्रमुख डा. प्रवीण वानखेडे को एवं केंद्र के कर्मी मालती चौहान, अमन ताकसांडे, अनिकेत गायकवाड़ एवं सुहास कांबले को शॉल एवं पुष्पगुच्छ से प्रतिकुलपति प्रो. मिश्र द्वारा सम्मानित किया गया. संचालन केंद्र के प्रभारी निदेशक डा. सुरजीत कुमार सिंह एवं आभार केंद्र की सहायक प्रोफेसर शुभांगी शंभरकर ने माना. इस अवसर पर डा. नृपेंद्र प्रसाद मोदी, डा. डी. एन. प्रसाद, डा. अनवर अहमद सिद्दीकी, रवि शंकर सिंह,

नवभारत
6 जनवरी; 2015

विवि की विकास यात्रा में

हम सब साथ हैं

'मंथन स्वप्न और यथार्थ' में वक्ताओं ने दिलाया भरोसा

वर्धा (का). महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के 17वें स्थापना दिवस पर पिछले 17 वर्ष की उपलब्धियां और विश्वविद्यालय के विकास के लिए आने वाले वर्षों में प्रगति की दिशा तय करने हेतु 'मंथन स्वप्न और यथार्थ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अध्यक्षता कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र ने की. कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रोफेसर मनोज कुमार, गोरखपुर विवि में विज्ञान विभाग के प्रो. महेश्वर मिश्र, जय महाकाली शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष शंकरप्रसाद अग्निहोत्री, पूर्व ओएसडी डॉ.हेमचंद्र वैद्य, अखिल भारतीय मराठी साहित्य महामंडल के सदस्य प्रदीप दाते, अनिल नरेडी आदि ने विवि के विकास की सराहना की और कहा कि विवि की इस विकास यात्रा में हम सब साथ है. कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा की विचारों के प्रजातंत्र की उपस्थिति ही विश्वविद्यालय की केंद्रीय भूमिका में है. उन्होंने आह्वान किया कि क्षमता और साधनों का भरपूर उपयोग कर लगन और निष्ठा के साथ विश्वविद्यालय के लिए समर्पित कार्य करना चाहिए. 'मंथन' में जो विचार सामने आए हैं. उन पर अमल करने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे. उन्होंने पूर्व कुलपतियों का उल्लेख करते हुए उनके द्वारा संघर्ष और कठिण काल में किए गए कार्यों की सराहना भी की. इसके अलावा सभी अतिथियों ने उपस्थितों को संबोधित किया. कार्यक्रम में अनिल नरेडी, प्रो. विजय कौल, डॉ. रवींद्र बोरकर, डॉ. ऋषभ मिश्र, शोधार्थी अभिषेक त्रिपाठी, राजेंद्र यादव, नेहा नेमा आदि ने विश्वविद्यालय के विकास पर अपनी बातें रखी. संचालन डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी ने किया. प्रतिकुलपति प्रो.चित्तरंजन मिश्र तथा वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. सरजू प्रसाद मिश्र विशेष अतिथि थे. प्रस्तावना प्रो. अनिल कुमार राय ने व भूमिका जनसंपर्क अधिकारी बी.एस.मिरगे ने रखी.

नवभारत
5 जनवरी, 2015

हिंदी विवि में स्वास्थ्य सम्मेलन

वर्धा (का). महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के 17वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वास्थ्य सम्मेलन एवं रक्तदान शिविर का आयोजन महर्षि चरक परिसर, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ में किया गया. आयोजन में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने सहभागिता कर स्वास्थ्य जांच करायी व रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया. शिविर में चिकित्सा जांच कर रक्तदान किया जिनमें डा.रवींद्र बोरकर, डा.अनवर अहमद सिद्दीकी, चिराग निनावे, योगेश भस्मे, अमोल आडे, विवेकानंद राय, अश्विन श्रीवास, विजयकरन, स्नेहल तडस, शैलेंद्र प्रजापति, कृष्णव कुमार यादव आदि शामिल है. सम्मेलन का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र के हाथों एवं प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र, पुलिस उपअधीक्षक आर.जी.ि कल्लेरकर, प्रो. देवराज, डा. अनवर अहमद सिद्दीकी, सहसंयोजक बी. एस. मिरगे, डा. सुप्रिया पाठक, अनिल नरेडी, अख्तर कुरेशी की मुख्य उपस्थिति में हुआ. सफलतार्थ महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के डा.दीपक गुप्ता, सुरेंद्र बेलुरकर, सहायक तृप्ति थूल, डा. देवश्री धांडे, किशोर बालपांडे, जनसंपर्क अधिकारी प्रवीण गावंडे, संघरक्षित मून, कांचन उके आदि ने सहयोग किया.

महाराष्ट्र टाइम्स
प्रतिक्रियेसाठी mtngpletters@gmail.com
गुरुवार, १ जानेवारी २०१५

रंगारंग लोकरंग...

महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या १७व्या स्थापनादिनानिमित्त मंगळवारी सायंकाळी 'लोकरंग' सादर झाला. गण, गवळण, मावशी, भारुड, गोंधळ, अभंग, वासुदेव यासारख्या लोककला सादर करण्यात आल्या. खंडेरायाच्या लग्नाला, वृक्ष वल्ली आम्हा सोयरी, वाजले की बारा यासारखी गाणी सादर केली. स्वच्छ भारत, घरकुल योजना, प्रौढ शिक्षण, दारूबंदी, व्यसनमुक्ती, असे संदेश नाट्याच्या माध्यमातून दिले. सुमारे २० कलाकारांनी महाराष्ट्रातील लोककलांच्या दर्शन घडवित प्रेक्षकांच्या मनाचा ठाव घेतला.

महाराष्ट्र टाइम्स
गुरुवार, १ जानेवारी २०१५

हिंदी सेवा सन्मानप्राप्त डॉ. दामोदर खडसे, डॉ. सुलभा कोरे, प्रा. चंद्रदेव कवडे, डॉ. गिरीश काशिद, हरीश अड्याळकर, नरेंद्र दंढारे.

सहा मराठी भाषिकांचा 'हिंदी सेवी'ने गौरव

म. टा. प्रतिनिधी, वर्धा

महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठाच्या स्थापनादिनानिमित्त मूळचे मराठी असतानाही हिंदी भाषेमध्ये कार्य करणाऱ्या सहा जणांना हिंदी सेवी सन्मानने गौरविण्यात आले.

यात वरिष्ठ हिंदी-मराठी साहित्यिक डॉ. दामोदर खडसे (पुणे), भाषांतरकार आणि संवाद लेखिका डॉ. सुलभा कोरे (पुणे), डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विद्यापीठातील हिंदी विभागाचे माजी विभागप्रमुख प्रा. चंद्रदेव कवडे, सोलापूर विद्यापीठातील डॉ. गिरीश काशिद, नागपूरच्या लोहिया अध्ययन केंद्राचे संस्थापक हरीश अड्याळकर तथा राष्ट्रभाषा प्रचार समितीचे प्रचार अधिकारी नरेंद्र दंढारे यांचा समावेश आहे.

कुलगुरू प्रा. गिरीश्वर मिश्र यांच्याहस्ते या सर्वांना पुरस्कार प्रदान करण्यात आला. कार्यक्रमाला प्र-कुलगुरु प्रा. चित्तरंजन मिश्र, हिंदी सेवी सन्मान समितीचे सदस्य प्रदीप दाते, कवी लोकनाथ यशवंत, रंजना दाते आदींची उपस्थिती होती. संचालन डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी यांनी केले.

गुड मॉर्निंग वर्धा
लोकशाही वार्ता
गुरुवार, १ जानेवारी २०१५

महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठाचा १७ वा स्थापना दिवस साजरा केल्या जात आहे. यापसंगी भारत सरकारच्या गीत आणि नाटक विभागाच्या पुणे शाखेचे कलाकार भारूड सादर करताना

देशोन्नती
गुरुवार, दि. १ जानेवारी २०१५

थोडक्यात

वर्धा :हिंदी विविमध्ये माहिती आणि प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकारच्या पश्चिम क्षेत्र पुणेच्या कलाकारांनी मंगळवारी 'महाराष्ट्राचा लोकरंग' कार्यक्रम सादर केला.

गुड मॉर्निंग यवतमाळ
लोकशाही वार्ता
गुरुवार, २९ जानेवारी २०१५

जिल्ह्यात आज मनोविकार तज्ज्ञांची राष्ट्रीय कार्यशाळा

प्रतिनिधी/वर्धा

इंडियन सायकीअॅट्रीय सोसायटी, महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठ आणि दत्ता मेघे आयुर्विज्ञान अभिमत विद्यापीठ यांच्या संयुक्त विद्यमाने गुरुवार दि. २९ रोजी म.गां.हिंदी विद्यापीठाच्या हबीब तन्वीर सभागृहात बालकांचे लैंगिक शोषण आणि भारतातील सद्य परिस्थिती यावर राष्ट्रीय स्तरावरील एक दिवसीय निरंतर वैद्यकीय शिक्षण कार्यशाळा आयोजित करण्यात आली आहे.

सावंगी (मेघे) येथील जवाहरलाल नेहरू वैद्यकीय महाविद्यालयाच्या संशोधन व विकास विभागाचे संचालक तसेच मानसोपचारतज्ज्ञ डॉ. प्रकाश बेहेरे यांच्या मार्गदर्शनाखाली आयोजित कार्यशाळेत आंतरराष्ट्रीय किर्तीचे मनोविकारतज्ञ डॉ. टी.व्ही. अशोकन (चेन्नई), कुलपती डॉ. गिरीश्वर मिश्र, इंडियन सायकॅट्रिक सोसायटीचे अध्यक्ष डॉ. विद्याधर वाटवे (पुणे), उपाध्यक्ष डॉ. जी. प्रसाद राव (हैद्राबाद), डॉ. एन.एन.राजू (विशाखापटनम), डॉ. विनयकुमार (पाटणा), डॉ. जे.एस.एस.राव (म्हैसूर), डॉ. युसुफ माचिसवाला (मुंबई), डॉ. जे.दास (गोहाटी), डॉ. के.के.मिश्रा (सेवाग्राम), डॉ. सुशील गावंडे (नागपूर), प्रतिभा गजभिये यांचा मार्गदर्शक म्हणून सहभाग राहणार आहे.

लोकशाही वार्ता
सोमवार, २६ जानेवारी २०१५

हिंदी विद्यापीठात कुलगुरू प्रो. गिरीश्वर हस्ते ध्वजारोहण

'रन फॉर रिपब्लिक'चे आयोजन

■ प्रतिनिधी/वर्धा

महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठात प्रजासत्ताक दिनानिमित्त २६ जानेवारी रोजी कुलगुरू प्रो. गिरीश्वर मिश्र ध्वजारोहण करतील.

प्रारंभी प्रो. मिश्र गांधी हिल वर जावून महात्मा गांधी यांच्या प्रतिमेला माल्यार्पण करून अभिवादन करतील. सकाळी ८.१५ वा. ते ध्वजारोहण करतील. या निमित्ताने शिक्षक संघाच्या वतीने प्रजासत्ताकासाठी दौड 'रन फॉर रिपब्लिक' चे आयोजन सकाळी ६ वा. मुख्य द्वारापासून करण्यात येईल. विद्यार्थी, शिक्षक आणि शिक्षकेत्तर कर्मचारी यांनी दौडमध्ये सहभागी व्हावे असे आवाहन अध्यक्ष डॉ. धरवेश कठेरिया व महासचिव डॉ. राकेश मिश्र यांनी केले आहे. ■

लोकशाही वार्ता
रविवार, २५ जानेवारी २०१५

गांधी एकादश चमू विजेता

हिंदी विद्यापीठात वार्षिक क्रीडा महोत्सव

प्रतिनिधी/वर्धा

महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठात वार्षिक क्रीडा महोत्सवात क्रिकेटच्या अंतिम सामन्यात एकादश परिसर विकास एकादशला हरवून विजय प्राप्त केला. मेजन ध्यानचंद क्रीडांगणावर १८ जानेवारीला क्रिकेटचा अंतिम सामना खेळला गेला. यात गांधी एकादशने १६ षटकांच्या सामन्यात ९६ धावांचे लक्ष ग्राठत १२ ओव्हर मध्येच विजय पटकाविला.

गांधी एकादशचे नेतृत्व पंकज पाटील यांनी तर परिसर विकास एकादशचे नेतृत्व राजीव पाठक यांनी केले. गांधी एकादश चमूत कॅप्टन पंकज पाटील, विजय यादव, सचिन कुंभलवार, पुष्कर सिंह, भूषण साळवे, मनोज ठाकूर, अजय प्रताप सिंह, राम प्रसाद कुमरे, वेद प्रकाश, आलोक श्रीवास्तव, वैभव सुशील, बी.पी.सिंह तथा सुधीर ठाकूर यांचा समावेश होता. परिसर विकासच्या चमूत कॅप्टन राजीव पाठक, सत्यम अधिकारी, राजू पवार, विवेक तडस, अनिकेत गहुकार, अमित गायकवाड, जावेद बेग, नौशाद, अमोल आडे, गिरीश ठवकर तथा सुधीर यांचा समावेश होता.

१६ षटकांच्या सामन्यांचा प्रारंभ प्रकुलगुरू प्रो. चित्तरंजन मिश्र यांनी केला. कुलगुरू प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांच्या द्वारे सचिन कुंभलवारला मॅन ऑफ द मॅचचा तर जावेद बेग याला मॅन ऑफ द सिरीजचा पुरस्कार देण्यात आला. यावेळी क्रीडा समितीचे अध्यक्ष प्रो. विजय कौल, शिक्षक संघाचे अध्यक्ष धरवेश कठेरिया, विशेष कर्तव्य अधिकारी नरेंद्र सिंह, के. के. त्रिपाठी, श्रीरमन मिश्र, डॉ. रामानुज अस्थाना, डॉ. अशोकनाथ त्रिपाठी, संदीप वर्मा, राजेश अरोरा उपस्थित होते. डॉ. अनवर सिद्दीकी, आशीष, प्रकाश तथा रवि यांनी कमेंटेटर म्हणून तर अविनाश त्रिपाठी व नीरज सिंह यांनी अंपायरची भूमिका पार पाडली.

मॉर्निंग वर्धा

लोकशाही वार्ता

शुक्रवार, २३ जानेवारी २०१५

समाज कल्याणासाठी व्हावे संशोधन -कुलगुरू

समाज शास्त्रात संशोधन कार्यशाळेचा समारोप

प्रतिनिधी/वर्धा

संशोधनाच्या माध्यमातून नवार विचार पुढे आला पाहिजे आणि परिवर्तनाच्या दिशा विस्तारित झाल्या पाहिजे. संशोधनाचा लाभ समाज कल्याणासाठी झाला पाहिजे असे प्रतिपादन कुलगुरू प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांनी केले.

महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठात भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नवी दिल्लीच्या वतीने १० ते १९ जानेवारी दरम्यान समाज शास्त्रात संशोधन विषयावर कार्यशाळा घेण्यात आली. सोमवारी कार्यशाळेचा समारोप झाला. त्यावेळी ते बोलत होते. मंचावर मुख्य अतिथी म्हणून दत्ता मेघे आयुर्विज्ञान संस्थेचे सल्लागार तथा एमसीआयच्या अकादमिक समितीचे अध्यक्ष प्रो. चित्तरंजन मिश्र तसेच महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी शांती अध्ययन केंद्राचे निदेशक तथा अभ्यासक्रम निदेशक प्रो. मनोज कुमार उपस्थित होते.

कार्यशाळेत १३ राज्यांमधील २० विद्यापीठांचे विद्यार्थी उपस्थित झाले होते. समारोपात प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रो. वेद प्रकाश मिश्र तथा प्रो. चित्तरंजन मिश्र यांच्या द्वारा प्रमाणपत्र देण्यात आले.

प्रो. वेद प्रकाश मिश्र म्हणाले, गुणवत्तापूर्ण संशोधनाकरिता त्याला आपला व्यवसायाचा एक भाग बनविले पाहिजे. प्रो. पी. जी. जोगदंड म्हणाले, समाज शास्त्रातील संशोधनातून समाजोपयोगी कार्य झाले पाहिजे. ज्ञान अद्ययावत करण्यासाठी कार्यशाळांची आवश्यकता असते असेही त्यांनी सूचविले. स्वागत व्यक्तव्य प्रो. चित्तरंजन मिश्र यांनी दिले. विवेक जागृतीचे काम करण्यासाठी शोधकर्त्यांसाठी कार्यशाळा घेतल्या पाहिजेत असे मत त्यांनी मांडले. सहायक प्रोफेसर डॉ. शंभू जोशी यांनी कार्यशाळेचा अहवाल प्रस्तुत केला. संचालन अभ्यासक्रम संयोजक डॉ. मिथिलेश यांनी केले. यावेळी प्रो. सुरेश शर्मा, प्रो. अनिल कुमार राय, प्रो. अरविंद कुमार झा, प्रो. विजय कौल, डॉ.रामानुज अस्थाना, बी.एस.मिरगे यांच्यासह विद्यार्थी मोठ्या संख्येने हजर होते.

मॉर्निंग वर्धा
लोकशाही वार्ता
शनिवार, १७ जानेवारी २०१५

मार्गदर्शन

हिंदी विद्यापीठात प्राकृतिक भाषा संसाधन कार्यशाळा

मनुष्याची बुद्धिमत्ता आणि तंत्रज्ञानात ताळमेळ आवश्यक - प्रा. कवी नारायण मूर्ती

प्रतिनिधी/वर्धा

भाषा जाणणे, समजणे आणि भाषेचा तंत्रज्ञानाच्या माध्यमातून विकास करण्यासाठी मनुष्याची बुद्धिमत्ता आणि तंत्रज्ञान यामध्ये ताळमेळ असणे आवश्यक आहे. भारत सरकारने डिजिटल भारताचे स्वप्न पूर्ण करण्यासाठी माहिती तंत्रज्ञान आधारित कार्य-संस्कृतीला प्रोत्साहन देत सर्व भाषांना जोडले गेले पाहिजे, असे मत हैदराबाद केंद्रीय विद्यापीठातील भाषातज्ज्ञ प्रो. कवी नारायण मूर्ती यांनी गुरूवारी मांडले. महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठाच्या भाषा तंत्रज्ञान विभागात प्राकृतिक भाषा संधान कार्यशाळा आयोजित करण्यात आली. कार्यशाळेच्या उद्घाटनप्रसंगी ते मुख्य प्रशिक्षक म्हणून बोलत होते. कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी प्र-कुलगुरू प्रा. चित्तरंजन मिश्र होते.

ही कार्यशाळा १५ ते १९ जानेवारीदरम्यान आयोजित करण्यात आली. कार्यशाळेत ७० हून अधिक प्रतिनिधी सहभागी झाले. प्रो. मूर्ती म्हणाले की माहिती, तंत्रज्ञानाचा वापर करत आम्हाला अधिकाधिक लोकांपर्यंत पोहोचले पाहिजे. भारतात १६०० भाषा अस्तित्वात आहेत. आमचे भविष्य बोलींवर आधारित असेल, भाषांचे अस्तित्व राखण्यासाठी माहिती तंत्रज्ञानाची मदत घेतली पाहिजे.

प्रो. चित्तरंजन मिश्र म्हणाले, भाषांचे भविष्य नव्या तंत्रज्ञानाच्या वापरावर विसंबून राहू लागले आहे. आम्हाला नव्या साक्षरतेची गरज निर्माण झाली आहे. भारत सरकारच्या डिजिटल भारत, ई-गवर्नंस या महत्त्वाकांक्षी योजना अंमलात आणण्यासाठी तंत्रज्ञानाची मदत घेतली पाहिजे असेही ते म्हणाले. स्वागत वक्तव्य प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ल यांनी दिले. ते म्हणाले, हिंदीवर इतर भारतीय भाषांना तंत्रज्ञानाशी जोडण्याचे काम विद्यापीठाचा भाषा तंत्रज्ञान विभाग करत आहे.

उद्घाटन सत्रात राम अनिरुद्ध, शिवेंद्र बाबू, डॉ. अनिल कुमार पांडे, जगदीप दोंगी, डॉ. एच.ए. हुनगुंद, डॉ. अनिल कुमार दुबे, संयोजक डॉ. धनजी प्रसाद, डॉ. अनवर अहमद सिद्दिकी, बी.एस. मिरगे, शैलेश कदम मरजी, डॉ. सुरजित कुमार सिंह, सुषमा लोखंडे, डॉ. अन्नपूर्णा सी. यांच्यासह विद्यार्थी उपस्थित होते. संचालन आराधना सक्सेना यांनी केले.

लोकशाही वार्ता
~~शुक्रवार, २ जानेवारी २०१५~~
शुक्रवार, १६ जानेवारी २०१५

सभ्यता पुढे तर संस्कृती मागे जात आहे - डॉ. विजय धारूरकर

हिंदी विद्यापीठात 'समाज विज्ञानात शोध पद्धती'वर कार्यशाळा

प्रतिनिधी/ वर्धा

वर्तमान काळात आम्ही विकासाच्या पाश्चिमात्य प्रतिमानाच्या सिद्धांतांना अधिक महत्त्व देत आहोत, यामुळे सभ्यता पुढे तर संस्कृती मागे जात आहे, असे मत डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विद्यापीठ औरंगाबाद येथील लिबरल आर्टस विभागाचे निदेशक आणि जनसंवाद विषयाचे गाढे अभ्यासक डॉ. विजय धारूरकर यांनी मांडले.

ते महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठात समाजशास्त्रात शोध पध्दतीवर आयोजित कार्यशाळेत बुधवारी संचार माध्यम आणि शोध पध्दती या विषयावर बोलत होते. डॉ. धारूरकर यांनी संचार माध्यमांमध्ये चार प्रकारच्या शोध पध्दतींची चर्चा आपल्या व्याख्यानात केली. ते म्हणाले माध्यम, समाज, संस्कृती आणि संदेश केंद्रित अध्ययनाच्या माध्यमातून मीडियामध्ये शोध करता येतो. प्रसार माध्यमांची संख्यात्मक वृद्धी यावर ते म्हणाले की माध्यम, समाज, संस्कृती आणि संदेश केंद्रित अध्ययाच्या माध्यमातून मीडियामध्ये शोध करता येतो.

ते म्हणाले की स्वातंत्र्यापूर्वी गावांशी संबंधित बातम्यांना एक टक्के पेक्षाही कमी जागा मिळत असे आज ते प्रमाण ५ टक्यांपर्यंत गेले आहे. अर्थात, मध्यल्या काळात प्रसार माध्यमांमध्ये संख्यात्मक वाढ मोठ्या प्रमाणावर झाली असली तरी ती वाढ गुणात्मक विकासाकडे परिवर्तीत झाली की नाही याचा शोध घेणे गरजेचे आहे. भारताच्या दृष्टीने माध्यमांनी ग्लोबलाईजेशन ऐवजी हुयमनाईजेशन वर अधिक लक्ष द्यावे असेही ते म्हणाले. कार्यक्रमाचे संचालन मिथिलेश यांनी केले. यावेळी महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी शांती अध्ययन केंद्राचे निदेशक प्रो. मनोज कुमार, डॉ. शंभू जोशी, बी.एस.मिरगे उपस्थित होते.

गुड मॉर्निंग यवतमाळ
लोकशाही वार्ता
मंगळवार, १३ जानेवारी २०१५

नाट्यकलावंतांना समाजाकडून शिकण्याची गरज - सुरेश शर्मा

नाट्य कला व फिल्म अध्ययन विभागात लोकनाट्य कार्यशाळा

प्रतिनिधी/वर्धा

नाट्यकलावंतानी लोक-समाजाकडून समजण्याची आणि शिकण्याची गरज आहे. भारतातील नाट्यपरंपरेचे मूळ लोक नाटकांमध्ये असून अशा कला जीवंत ठेवण्यासाठी कलाकारांनी या कलेचा मागोवा घेत राहिले पाहिजे, असे प्रतिपादन नाट्यकला व फिल्म अध्ययन विभागाचे प्रमुख प्रो. सुरेश शर्मा यांनी केले. ते महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठात विभागाच्या वतीने बिदेसिया लोक नाट्य कार्यशाळेच्या उद्घाटनप्रसंगी बोलत होते. ही कार्यशाळा २२ ते २९ डिसेंबरदरम्यान आयोजित करण्यात आली होती.

कार्यशाळेत संचालन भिखारी ठाकूर रंगमंडलचे कलाकार प्रभुनाथ ठाकूर आणि विभागाचे माजी विद्यार्थी जैनेन्द्र कुमार दोस्त यांनी केले.

